प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 01.03.2026

❖ **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 02 शातिर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, 01 बाल अपचारी भी पुलिस अभिरक्षा में।**

❖ **अभियुक्तगण व बाल अपचारी के कब्जे से चोरी किये गये आभूषण बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 27.02.2026 को वादी श्री जीतू पुत्र रामप्रकाश निवासी मकनियापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा चोरी के सम्बन्ध में दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पर मु0अ0सं0 55/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस0 बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 01.03.2026 को समय करीब 03.00 बजे सहकारी संघ के पास पीपल के पेड के नीचे कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से अभियुक्तगण 1. अर्पित कुमार पुत्र ब्रजेश कुमार उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मकनियापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात, 2. रिषभ पुत्र सतनाम उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मकनियापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात व 01 बाल अपचारी किशोर को मय चोरी के 01 कमर पेटी सफेद धातु, 01 अंगूठी पीली धातु, 01 कान की बाली पीली धातु, 01 कमर पेटी सफेद धातु, 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 01 चेन पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु बडी, 01 जोडी पायल छोटी सफेद धातु, 01 जूडा पिन सफेद धातु व 01 सिक्का सफेद धातु के साथ गिरफ्तार/पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस0 की बढोत्तरी की गयी तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण व बाल अपचारी किशोर को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ पर अभियुक्तगण व बाल अपचारी किशोर ने एक राय होकर बताया कि हम तीनों लोगों ने मिलकर दिनांक 02.02.2026 की रात्रि में अपने गांव के जीतू के घर में घुसकर चोरी की थी आज हम लोग चुराया हुआ सामान बांटकर जा रहे थे। पहले कुछ सामान हम लोगों ने राह चलते लोगों को बेचकर प्राप्त रूपये खर्च कर लिये थे शेष बचा सामान हम लोग बाटंकर जाने वाले थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण व बाल अपचारी का विवरण-

1. अर्पित कुमार पुत्र ब्रजेश कुमार उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मकनियापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात,
2. रिषभ पुत्र सतनाम उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मकनियापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात,
3. एक बाल अपचारी किशोर,

बरामदगी का विवरण-

01 कमर पेटी सफेद धातु, 01 अंगूठी पीली धातु, 01 कान की बाली पीली धातु, 01 कमर पेटी सफेद धातु, 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 01 चेन पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु बडी, 01 जोडी पायल छोटी सफेद धातु, 01 जूडा पिन सफेद धातु व 01 सिक्का सफेद धातु

अभियुक्त अर्पित कुमार उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 55/2026 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

अभियुक्त रिषभ उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 454/2025 धारा 325/326(जी)/351(3)/352 बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
2. मु0अ0सं0 55/2026 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री उमेश शर्मा चौकी प्रभारी झींझक
2. हे0का0 155 अवधेश सिंह,
3. हे0का0 357 सुरजेश,
4. का0 56 दिग्विजय सिंह,
5. का0 1050 राहुल कुमार,
6. का0 107 संतोष कुमार,